दिन– रविवार दिनांक– 23 / 02 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।

02. केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज दरभंगा में मखाना अनुसंधान केन्द्र में किसानों और वैज्ञानिकों के साथ करेंगे बैठक।

03. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल भागलपुर में पीएम किसान सम्मान निधि की उन्नीसवीं किस्त जारी करेंगे। बिहार के किसानों को मिलेगा लगभग सोलह सौ करोड़ रूपया।

04. और, आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट प्रतियोगिता में आज भारत का मुकाबला पाकिस्तान से होगा।

————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ उन्नीसवीं कड़ी होगी। आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन ए.आई.आर. मोबाइल ऐप पर प्रसारित किये जायेंगे। मन की बात कार्यक्रम को प्रसार भारती के ओटीटी प्लेटफार्म वेव्स पर भी सुना जा सकता है। इसके अलावा आकाशवाणी की वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर के मोबाइल एप पर भी यह उपलब्ध होगा। कार्यक्रम का आकाशवाणी, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारण होगा। इसके तुरंत बाद मैथिली भाषा में इसका प्रसारण आकाशवाणी के दरभंगा केन्द्र से किया जायेगा। इसी प्रसारण को दोबारा रात्रि आठ बजे से भी सुना जा सकता है।

————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल भागलपुर में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की उन्नीसवीं किस्त जारी करेंगे। इस योजना के अंतर्गत किसानों को तीन समान किस्तों में वार्षिक छह हजार रुपये दिये जाते हैं। बिहार के किसानों के खाते में लगभग सोलह सौ करोड़ रूपये भेजे जायेंगे। देशभर के दो करोड़ पचास लाख किसान इस कार्यक्रम में व्यक्तिगत और ऑनलाइन माध्यम से शामिल होंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री पांच सौ छब्बीस करोड़ रुपये के निवेश से वारिसलीगंज–नवादा–तिलैया रेल खंड के दोहरीकरण

का उद्घाटन करेंगे। इसके साथ ही दस हजार एफपीओ का गठन और संवर्धन के साथ राष्ट्रीय गोकुल मिशन के अंतर्गत मोतिहारी में तैंतीस करोड़ अस्सी लाख रुपये की लागत का स्वदेशी नस्लों के लिए क्षेत्रीय उत्कृष्टता केंद्र, सीओई और एक सौ तेरह करोड़ सत्ताईस लाख रुपये के निवेश से बरौनी में दुग्ध उत्पाद संयंत्र का उद्घाटन करेंगे। इधर, कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दूरदर्शन के माध्यम से किया जायेगा। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मुखिया, सरपंच और जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। भागलपुर में सभा स्थल पर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान बिहार की विशिष्ठ कृषि उत्पाद से संबंधित सामानों की बारह और भारत सरकारकी पचास प्रदर्शनी लगायी जायेगी। इसमें भागलपुर का सिल्क और कतरनी चावल, जर्दालु आम, मंजूषा पेंटिंग समेत अन्य उत्पाद शामिल होंगे। इधर, एनडीए के कई बड़े नेता तैयारियों का लगातार निरीक्षण कर रहे हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल, राष्ट्रीय प्रवक्ता और भागलपुर के पूर्व सांसद सैयद शाहनवाज हुसैन, प्रदेश महामंत्री मिथिलेश तिवारी समेत पार्टी के कई बड़े नेता जनसंपर्क कर लोगों को कार्यक्रम में शामिल होने का न्योता दे रहे हैं।

————————————————————

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज दरभंगा स्थित आज राष्ट्रीय मखाना अनुसंधान केंद्र पहुँच रहे हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि कृषि मंत्री विभाग के केन्द्रीय स्तर के अधिकारियों और जिला के शीर्ष अधिकारियों तथा मखाना अनुसंधान केंद्र के वैज्ञानिकों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे।

———बाइट———

केंद्रीय बजट में मखाना बोर्ड के गठन की घोषणा के बाद केंद्रीय कृषि मंत्री का दौरा काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। कृषि मंत्री श्री चौहान ने कहा कि वे किसानों से बातचीत करेंगे।

———बाइट चौहान ———

दरभंगा में होने वाली बैठक में केंद्रीय बागवानी विभाग के उप निदेशक प्रभात कुमार, कृषि विभाग के केन्द्रीय वैज्ञानिक प्रमुख राजेश कुमार विश्वकर्मा, मखाना अनुसंधान केंद्र के निदेशक नचिकेता कोतवाली, मखाना वैज्ञानिक डॉ मनोज कुमार सहित विभिन्न वैज्ञानिक उपस्थित रहेंगे। कृषि मंत्री श्री चौहान दो हजार से अधिक मखाना कृषकों, मछली पालक, सिंघाड़ा खेती करने वाले किसानों के साथ खुला संवाद भी करेंगे और मखाना किसानों से रूबरू होकर उनकी समस्याओं से अवगत भी होंगे। मणिकांत झा आकाशवाणी समाचार दरभंगा।

————————————————————

केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि सहकारिता क्षेत्र में पिछले तीन वर्षों में केंद्र सरकार के प्रयासों से काफी तेजी आई है। पुणे में एक

समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार देश में सहकारिता क्षेत्र को एक नया आयाम दिया है।

———बाईट———

मोदी जी ने राष्ट्र के सामने दो संकल्प रखें। 2047 तक इस देश को पूर्णता विकसित राष्ट्र बनाना। 2027 तक इस देश की इकोनॉमी को पांच ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाना और हर एक व्यक्ति को देश के विकास के साथ जोड़ना, हर परिवार को समृद्ध कराना। यह केवल और केवल कोऑपरेटिव मूवमेंट के माध्यम से हो रहा है। इसलिए मोदी जी ने सहकारिता मंत्रालय की स्थापना की।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश भर के सहकारी बैंकों को वित्तीय कठिनाइयों से बाहर निकालने में मदद करने के लिए इस केन्द्रीय संगठन का गठन किया गया है।

———बाईट———

अर्बन कोऑपरेटिव बैंकों के लिए एक अंब्रेला संगठन का कई सालों से पेंडिंग इश्यू चलता था। परसों ही हमारी एक मीटिंग समाप्त हुई है मैं शुभ समाचार देना चाहता हूं कि एक प्रकार से हमने 300 करोड़ की जमा राशि अंब्रेला संगठन में बनाने का इकट्ठा करने का काम समाप्त कर दिया है।

श्री शाह ने सहकारी बैंकों से काम—काज में प्रौद्योगिकी को अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सहकारिता क्षेत्र से संबंधित शिक्षा को बढावा देने के लिए सहकारिता विश्वविद्यालय विधेयक लाया जाएगा।

———————————————————————

पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल का दो दिवसीय शताब्दी समारोह कल से शुरू हो रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु पच्चीस फरवरी को समारोह में शामिल होंगी। इससे पूर्व आल जे.पी. गंगा पथ पर प्रतीकात्मक शताब्दी दौड़ का आयोजन किया गया। शताब्दी दौड़ में बड़ी संख्या में पीएमसीएच के पूर्ववर्ती छात्रों ने भाग लिया। समारोह आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉक्टर ए.ए. हई ने कहा कि शताब्दी समारोह ऐतिहासिक और भव्य होगा।

———————————————————————

राज्य के अधिकतर भागों में न्यूनतम तापमान में सामान्य से तीन से पांच डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी दर्ज की गयी है। जिसके कारण दिन के समय लोगों को हल्की गर्मी का एहसास हो रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले तीन दिनों तक तापमान में वृद्धि का क्रम जारी रहेगा।

———बाइट———

———————————————————————

केंद्र सरकार ने बिहार के शिवहर, सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया, किशनगंज, पश्चिमी चम्पारण और पूर्वी चम्पारण से होकर गुजरने वाली

गोरखपुर–सिलीगुड़ी एक्सप्रेस–वे के मार्ग एलाइनमेंट को मंजूर दे दी है। इस सड़क में गंडक, बागमती और कोसी नदी पर पुल का निर्माण भी होगा। उपमुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि एक्सप्रेस–वे के लिए जमीन अधिग्रहण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि छह लेन वाली इस एक्सप्रेस–वे की लंबाई लगभग पांच सौ सड़सठ किलोमीटर है। इसमें प्रदेश में सड़क चार सौ सत्रह किलोमीटर से अधिक लम्बी होगी। परियोजना पर सैंतीस हजार चार सौ पैंसठ करोड़ खर्च होंगे। परियोजना के लिए सौ मीटर की चौड़ाई में भू–अर्जन किया जायेगा। उपमुख्यमंत्री श्री सिन्हा ने बताया कि मोकामा–मुंगेर, पीरपैंती–महगामा, साहेबगंज–अरेराज–बेतिया और कोनहवां से मकेर सड़क को भी मंजूरी मिल गयी है। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय सड़क और संरचना निधि, सीआरआईएफ में छह सौ बयालीस करोड़ रूपेय की मंजूरी केन्द्र सरकार ने दी है।

———————————————————————

पथ निर्माण विभाग ने पटना कांवरिया पथ अनियमितता मामले में निर्माण कंपनी को अगले दस वर्षों के लिए काली सूची में डाल दिया है। उपमुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने बताया कि अधिकारियों को यह निर्देश दिया गया है कि सड़क परियोजनाओं का एस्टीमेट तैयार करने में पूरी सतर्कता बरतें।

———————————————————————

मैट्रिक की वार्षिक परीक्षा के छठें दिन कल कदाचार के आरोप में तीन परीक्षार्थी निष्कासित किये गये। इनमें पटना, अरवल और सुपौल जिले के एक–एक परीक्षार्थी शामिल हैं। वहीं, दूसरे के बदले परीक्षा दे रहे पांच फर्जी अभ्यर्थियों को पकड़ा गया। इनमें मधेपुरा के चार और पटना के एक परीक्षार्थी है। कल दोनों पालियों में ऐच्छिक विषय की परीक्षा होगी।

———————————————————————

आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट प्रतियोगिता में आज दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में भारत का मुकाबला पाकिस्तान से होगा। यह मैच भारतीय समय के अनुसार दोपहर ढ़ाई बजे से शुरू होगा। बांग्लादेश के खिलाफ जीत के साथ आईसीसी इवेंट की शुरुआत करने के बाद भारत उत्साहित है। वहीं, न्यूजीलैंड के खिलाफ अपना पहला मैच हारने के बाद पाकिस्तान दबाव में है।

———————————————————————

प्रदेश सरकार लघु खनिज ढोने वाले वाहनों पर व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग सिस्टम, वीएलटीएस और जियो फेंसिग के जरिए नजर रखेगी। सरकार ने यह निर्णय

लघु खनिजों, मुख्य रूप से बालू को सही समय और स्थान पर पहुंचाने तथा कालाबाजारी को रोकने के लिए उठाया है।

———————————————————————

कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी कृष्णा अल्लावारू कल से चार दिनों तक विभिन्न जिलों का दौरा करेंगे। इस दौरान श्री अल्लावारू पार्टी के वरिष्ठ राजनीतिज्ञों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे।

———————————————————————

बरौनी–लखनउ एक्सप्रेस रेलगाड़ी अब भागलपुर तक जायेगी। मालदा रेल मंडल के एक अधिकारी ने बताया कि इसे जल्द ही शुरू कर दिया जायेगा।

———————————————————————

रोहतास जिले के डेहरी अनुमंडल क्षेत्र में जांच के दौरान अनियमितता पाये जाने पर दस पीडीएस दुकान का लाइसेंस रद्द कर दिया गया है।

———————————————————————

पूर्वी चम्पारण जिले में पताही थाना क्षेत्र के दारोगा अखिलेश कुमार सिंह को रिश्वत लेने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है।

———————————————————————

रोहतास जिले के धौडाँड़ थाना क्षेत्र के लेरुआ गांव के पास पुलिस ने परती जमीन से साढ़े सात क्विंटल अमोनियम नाइट्रेट जब्त किया गया है।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने महाकुम्भ से जुड़ी खबर को प्रमुखता दी है– अखबार लिखता है, प्रयागराज जाने वाले मार्गों पर भीषण जाम।

दैनिक जागरण की बड़ी खबर है– डिजिटल प्लेटफार्म पर कार्रवाई के लिए आयेगा नया कानून।

दैनिक भास्कर ने रेल स्टेशनों पर भीड़ नियंत्रित करने के लिए रेलवे की ओर से जारी नये दिशा–निर्देशों पर लिखा है– ट्रेन छूटने से तीस मिनट पहले प्लेटफॉर्म पर होगी एंट्री, टिकटों पर कलर कोड, जिससे यात्री एक प्लेटफॉर्म पर रहे।

प्रभात खबर ने पुलिस सप्ताह की बैठक पर राज्य के मुख्य सचिव के हवाले से लिखा है– साईबर अपराधियों के सिंडिकेट को जड़ से उखाड़ फेंके पुलिस।

आज अखबर की सुर्खी है– पेट्रोल, डीजल, सस्ता होगा।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।

02. केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज दरभंगा में मखाना अनुसंधान केन्द्र में किसानों और वैज्ञानिकों के साथ करेंगे बैठक।

03. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल भागलपुर में पीएम किसान सम्मान निधि की उन्नीसवीं किस्त जारी करेंगे। बिहार के किसानों को मिलेगा लगभग सोलह सौ करोड़ रूपया।

04. और, आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट प्रतियोगिता में आज भारत का मुकाबला पाकिस्तान से होगा।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर बाद तीन बजकर दस मिनट पर प्रसारित किया जायेगा।